Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 04-08-2005

Participants : Rathod Shri Harisingh Nasaru

>

Title: Need to set up a National Commission for the welfare of Banjara Community in the country. – Laid.

श्री हरिभाऊ राठौड़ (यवतमाल) : महोदय, पूरे देश में बंजारा, घुमक्कड़ और विमुक्त जनजातियों के लोगों की संख्या 15 करोड़ के आसपास होगी। इस समाज को कई राज्यों में अनुसूचित जाति और कुछ राज्यों में अनुसूचित जनजाति में रखा गया है। लेकिन इनमें से और भी कई विमुक्त जातियां हैं जो न तो अनुसूचित जाति में हैं और न अनुसूचित जनजाति में। पिछले 50 सालों से ये जातियां अपनी मांग उठाती आ रही है, लेकिन उन्हें आज तक न्याय नहीं मिल पाया है और आज इनमें से कुछ जातियों की स्थिति अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोगों से भी बदतर हो गयी है। पूर्व में सरकार ने घुमक्कड जातियों के समग्र विकास हेतु एक राट्रीय आयोग का गठन किया था लेकिन अब इस आयोग को भंग कर दिया गया है जबकि बंजारा समाज के समग्र विकास हेतु राट्रीय आयोग बनाये जाने की अति आवश्यकता है।

अतः मैं सरकार से अनुरोध करता हूं कि बंजारा समाज, घुमक्कड जातियों के सामाजिक आर्थिक एवं राजनैतिक समग्र विकास क लिये विशो उपाय करने हेतु राट्रीय आयोग का पुनर्गठन करें।